# त्रैमासिक परीक्षा

## प्रश्न बैंक

## सत्र 2025 – 26

## कक्षा-10

## विषय- सामाजिक विज्ञान

**स्टेट असेसमेंट सेल, लोक शिक्षण संचालनालय**
**मध्यप्रदेश भोपाल**

## प्रश्न-पत्र निर्माण हेतु विषय शिक्षक को निर्देश–

1. विषय शिक्षक प्रश्नपत्र निर्माण हेतु प्रश्नों का चुनाव करते समय सामाजिक विज्ञान विषय की त्रैमासिक परीक्षा के ब्लू प्रिंट का अध्ययन कर लें।
2. ब्लू प्रिंट अनुसार ही प्रश्नों का चुनाव करते हुए प्रश्नपत्र का निर्माण करें। यह अवश्य ध्यान दें कि किसी प्रश्न का दोहराव नहीं हो|
3. प्रश्न पत्र के किसी प्रश्न का किसी अन्य चुने गये प्रश्न में उत्तर समाहित नहीं हो।
4. सही जोड़ी बनाइए वाले प्रश्न में कॉलम A और उसकी सही जोड़ी बनाने हेतु कॉलम B का विशेष ध्यान रखते हुए चयन किया जाये।
5. प्रत्येक प्रश्न के समक्ष उसके लिये आवंटित अंक अवश्य अंकित करें।
6. यदि प्रश्न बैंक में ऐसा कोई प्रश्न टंकण त्रुटिवश समाहित हो गया हो जो कि सिलेबस से या संदर्भित अध्याय के बाहर का हो तो विषय शिक्षक उस प्रश्न को प्रश्नपत्र में शामिल नहीं करें ।
7. विषय शिक्षक त्रैमासिक परीक्षा का प्रश्न पत्र बनाते समय विद्यार्थियों के सीखने के स्तर एवं पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए प्रश्न पत्र का निर्माण करें।

# त्रैमासिक परीक्षा 2025-26

## ब्लू प्रिंट

**कक्षा – 10** | **समय - 03 घंटा**

**विषय- सामाजिक विज्ञान** | **पूर्णांक – 75 अंक**

| पाठ्यपुस्तक का नाम | अध्याय का नाम | आवंटित अंक | वस्तुनिष्ठ प्रश्न | | | | | | अंकवार प्रश्नों की संख्या | | | कुल प्रश्न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सही विकल्प | रिक्त स्थान | सत्य /असत्य | सही जोड़ी | एक वाक्य | कुल वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | |
| समकालीन भारत -2 | 1- संसाधन एवं विकास | 11 | 1 | 1 | | 2 | - | 4 | 2 | 1 | - | 3 |
| | 2- वन एवं वन्य जीव संसाधन | 08 | - | 1 | 1 | - | 1 | 3 | 1 | 1 | - | 2 |
| | 3- जल संसाधन | 02 | 1 | - | 1 | - | - | 2 | - | - | - | - |
| | 5- खनिज तथा ऊर्जा संसाधन (मानचित्र) | 04 | - | - | - | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| भारत और समकालीन विश्व -2 | 1- यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय | 06 | 1 | - | 1 | - | 2 | 4 | 1 | - | - | 1 |
| | 2- भारत में राष्ट्रवाद | 12 | 1 | 1 | | 2 | | 4 | 2 | | 1 | 3 |
| लोकतांत्रिक राजनीति-2 | 1- सत्ता की साझेदारी | 05 | 1 | - | 1 | - | 1 | 3 | 1 | - | - | 1 |
| | 2- संघवाद | 11 | - | 1 | 1 | 2 | - | 4 | 2 | 1 | - | 3 |
| आर्थिक विकास की समझ | 1- विकास | 05 | 1 | 1 | - | - | 1 | 3 | 1 | - | - | 1 |
| | 2- भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्रक | 11 | - | | 1 | - | 1 | 3 | 2 | - | 1 | 3 |
| | **कुल योग** | **75** | **6** | **6** | **6** | **6** | **6** | **30** | **24** | **09** | **12** | **18+5 =23** |

**नोट- प्रश्न पत्र निर्माण हेतु विशेष निर्देश –**

1. प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक कुल 30 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 01 अंक निर्धारित है।
   प्रश्न क्रमांक 1- सही विकल्प 06 अंक ,प्रश्न क्रमांक 2 - रिक्त स्थान 06 अंक ,प्रश्न क्रमांक 3 - सत्य / असत्य 06 अंक, प्रश्न क्रमांक 4 - सही जोड़ी 06 अंक, प्रश्न क्रमांक 5 - एक वाक्य में उत्तर 06 अंक
2. प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए जाना हैं ।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक कुल 12 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 02 अंक निर्धारित है।
4. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक कुल 03 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक निर्धारित है।
5. प्रश्न क्रमांक 21 से 22 तक कुल 02 प्रश्न होंगे । प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित है।
6. प्रश्न क्रमांक 23 भारत के मानचित्र पर आधारित प्रश्न होगा । प्रश्न पर 04 अंक निर्धारित है।

## समकालीन भारत -2 (भूगोल)
## अध्याय – 1 संसाधन एवं विकास

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिए -** **01 अंक**

(i) निम्नलिखित में से किस राज्य में अतिचारण भूमि क्षरण का मुख्य कारण है?
(अ) महाराष्ट्र (ब) पंजाब
(स) हरियाणा (द) उत्तर प्रदेश

(ii) उस मिट्टी की पहचान करें जो लाल से भूरे रंग की होती है और प्रकृति में खारी होती है:
(अ) लाल मिट्टी (ब) शुष्क मिट्टी
(स) लैटेराइट मिट्टी (द) जलोढ़ मिट्टी

(iii) निम्नलिखित में से किस मानवीय गतिविधि ने भूमि क्षरण में सबसे अधिक योगदान दिया है?
(अ) वनों की कटाई (ब) अतिचारण
(स) खनन (द) अति-सिंचाई

(iv) निम्नलिखित में से कौन संसाधन विकास की समस्या नहीं है?
(अ) कुछ व्यक्तियों के लालच को संतुष्ट करने के लिए संसाधनों की कमी
(ब) कुछ हाथों में संसाधनों का संचय
(स) संसाधनों का अंधाधुंध दोहन
(द) संसाधनों का न्यायसंगत वितरण

(v) निम्नलिखित में से कौन-सा अजैव संसाधन है-
(अ) मनुष्य (ब) मत्स्य जीवन
(स) चट्टानें (द) प्राणी जगत

(vi) प्राकृतिक संसाधनों का उचित प्रबंधन क्यों महत्वपूर्ण है-
(अ) केवल आर्थिक लाभ के लिए
(ब) संतुलित पर्यावरण बनाए रखने के लिए
(स) कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए
(द) शहरीकरण के लिए

(vii) अवनालिका अपरदन मृदा को बनाता है-
(अ) कृषि के लिए अनुपयुक्त (ब) कृषि के लिए उपयुक्त
(स) चरागाह के लिए उपयुक्त (द) वनों के लिए उपयुक्त

(viii) निम्न में से कौन-सा कारक भूमि उपयोग का भौतिक कारक नहीं है?
(अ) भूमि की ढाल (ब) मृदा आवरण की उपस्थिति
(स) अपवाह (द) जनसंख्या

(ix) उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों का वर्गीकरण है-
(अ) नवीकरणीय और अनवीकरणीय (ब) जैविक और अजैविक
(स) निजी और सामुदायिक (द) संभाव्य और विकसित

(x) संसाधन जो एक क्षेत्र में पाये जाते हैं लेकिन उनका उपयोग नहीं होता कहलाते हैं-
(अ) नवीकरणीय संसाधन (ब) संभाव्य संसाधन
(स) जैविक संसाधन (द) चक्रीय

(xi) हमारे देश में कुल निम्नीकृत भूमि है:

(अ( 133 मिलियन हेक्टेयर (ब( 130 मिलियन वर्ग किमी

(स( 140 मिलियन हेक्टेयर (द( 130 मिलियन हेक्टेयर

(xii) निम्न में से कौन-सा कारक भूमि उपयोग का भौतिक कारक नहीं है?

(अ) भूमि की ढाल (ब) मृदा आवरण की उपस्थिति

(स) अपवाह (द) जनसंख्या

(xiii) निक्षालन से बनी मृदा कहलाती है-

(अ) जलोढ़ मृदा (ब) लाल मृदा

(स) लेटेराइट मृदा (द) मरुस्थलीय मृदा

(xiv) लैटराइट मृदा के गठन का प्रमुख कारण क्या है-

(अ) अधिक वर्षा और उच्च तापमान (ब) न्यून वर्षा और निम्न तापमान

(स) उच्च नमी और कम तापमान (द) न्यून नमी और उच्च तापमान

(xv) किस मृदा को 'रेगुर' भी कहा जाता है-

(अ) काली मृदा (ब) लाल मृदा

(स) जलोढ़ मृदा (द) लैटराइट मृदा

(xvi)" स्मॉल इज़ ब्यूटीफुल " पुस्तक किसके द्वारा लिखी गई है-

(अ) शूमाकर (ब) अगाथा क्रिस्टी

(स) रस्किन बॉन्ड (द) अभिजीत सेन

(xvii) पर्यावरण को नुकसान पहुँचाए बिना और भावी पीढ़ियों की ज़रूरतों से समझौता किए बिना होने वाले विकास को कहते हैं -

(अ) सतत पोषणीय विकास (ब) भविष्य

(स) संसाधन (द) संपार्श्विक

(xviii) जिन संसाधनों का सर्वेक्षण किया जाता है और उनकी मात्रा और गुणवत्ता का उपयोग के लिए निर्धारण किया जाता है,उन्हें कहा जाता है-

(अ) संभावित संसाधन (ब) स्टॉक

(स) विकसित संसाधन (द) भंडार

**2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए- 01 अंक**

(i) लौह अयस्क ...................................................... प्रकार का संसाधन है।

(ii) सम्पूर्ण उत्तरी मैदान ..............................................................मृदा से बना है।

(iii) देश के कुल क्षेत्रफल का 27 प्रतिशत भू-क्षेत्र .................................... क्षेत्र है।

(iv) वे संसाधन जो निर्जीव वस्तुओं से बने हैं, ..........................संसाधन कहलाते हैं।

(v) भारत देश के क्षेत्रफल का लगभग ....... ...........................प्रतिशत हिस्सा मैदानी है।

(vi) कैल्शियम कार्बोनेट,मैग्नीशियम और पोटास की मात्रा.......................मृदा में अधिक होती है?

(vii) ................... .....................मृदा में जल धारण क्षमता सबसे अधिक होती है।

(viii) उत्तर प्रदेश में ..................................................प्रकार की मृदा अधिक मात्रा में पाई जाती है।

(ix) वह भूमि जिस पर फसले उगायी व काटी जाती हैं ,वह गया ..................... ... क्षेत्र कहलाता हैं।

(x) चम्बल बेसिन में उत्खात भूमि को ...................... भूमि कहा जाता हैं।

**3. सत्य / असत्य लिखिए -** **01 अंक**

(i) पुरानी जलोढ़ मृदा को बांगर भूमि कहा जाता है।
(ii) लेटराइट शब्द ग्रीक भाषा के शब्द लेटर से लिया गया है।
(iii) पंजाब और हरियाणा में 80 प्रतिशत भूमि पर कृषि होती है।
(iv) जहाँ एक कृषि वर्ष या उससे कम समय से खेती ना की गई हो उसे शुद्ध बोया गया क्षेत्र कहते हैं
(v) लैटेराइट मृदा अधिकतर गहरी तथा अम्लीय होती है।
(vi) मरुस्थली मृदाओं का रंग पीला होता है।
(vii) मृदा सबसे महत्त्वपूर्ण नवीकरण योग्य संसाधन है।
(viii) उत्पत्ति के आधार पर जैव और अजैव संसाधन होते हैं।

**4.सही जोड़ी बनाइए – ( i )** **01 अंक**

| **खंड अ** | **खंड ब** |
|---|---|
| (i) प्राकृतिक संसाधन | (अ) सांस्कृतिक विकास |
| (ii) पुर्नवीनीकरण | (ब)हवा पानी और मिट्टी |
| (iii) आर्थिक विकास | (स) प्राकृतिक संसाधनों का पुनः उपयोग |
| (iv) सामाजिक विकास | (द) रोजगार और जीवन की गुणवत्ता |
| (v) संसाधन | (इ) प्राकृतिक और मानव द्वारा निर्मित |

**सही जोड़ी बनाइए ( ii)**

| **खंड अ** | **खंड ब** |
|---|---|
| 1. जैव संसाधन | अ. महासागरीय क्षेत्र |
| 2. नवीकरण योग्य संसाधन | ब. खेल के मैदान |
| 3. सामुदायिक संसाधन | स. रेलवे |
| 4. राष्ट्रीय संसाधन | द. पशुधन |
| 5. अंर्तराष्ट्रीय संसाधन | इ. वन |

**सही जोड़ी बनाइए ( iii )**

| **खंड अ** | **खंड ब** |
|---|---|
| 1. काली मृदा | अ. राजस्थान |
| 2. जलोढ़ मृदा | ब. पर्वतीय क्षेत्र |
| 3. लेटाराईट मृदा | स. केरल |
| 4. मरुस्थली मृदा | द. प्रायद्वीपीय पठार |
| 5. वन मृदा | इ. उत्तरी मैदान |

**5.एक वाक्य में उत्तर लिखिए -** **01 अंक**

(i) प्रथम अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी सम्मेलन किस शहर में हुआ था ?
(ii) उत्पत्ति के आधार पर संसाधन कितने प्रकार के होते हैं ?
(iii) राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार भारत के कितने प्रतिशत भाग पर वन होना चाहिए ?
(iv) अधिक वर्षा से निक्षालन की क्रिया से किस मृदा का निर्माण होता है ?

(v) मरूस्थलीय मृदा किस राज्य में अधिक पाई जाती है ?
(vi) भारत के कितना प्रतिशत भाग पर पर्वतीय क्षेत्र है ?
(vii) कपास की कृषि के लिये कौन-सी मृदा उपयोगी है ?
(viii) काली मृदा को किस नाम से जाना जाता है ?
(ix) भारत का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल कितना है ?
(x) चिपको आंदोलन का उद्देश्य क्या था?
(xi) कॉर्बेट नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?
(xii) सुंदरबन नेशनल पार्क किस राज्य में स्थित है?
(xiii) भारत में कौन- सा समुदाय काले हिरण की रक्षा के लिए प्रसिद्ध है ?

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न -** **02 अंक**

1. संसाधनों के संरक्षण के कोई दो उपाय लिखिए।
2. भूमि निम्नीकरण का कोई दो कारण लिखिए।
3. भूमि निम्नीकरण को रोकने के कोई दो उपाय लिखिए।
4. मृदा संरक्षण के कोई दो उपाय लिखिए।
5. काली मृदा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
6. लेटेराइट मृदा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
7. संसाधनों के अति दोहन से उत्पन्न हुई कोई दो समस्याएं लिखिए।
8. सतत पोषणीय विकास से क्या आशय है?
9. मृदा अपरदन से क्या तात्पर्य है ?
10. समोच्च जुताई किसे कहा जाता है ?
11. संसाधन से क्या आशय है ?
12. चादर अपरदन किसे कहते है ?
13. पट्टी कृषि किसे कहते है ?
14. नवीकरण योग्य और अनवीकरण योग्य संसाधन को स्पष्ट कीजिए।

**लघु उत्तरीय प्रश्न –** **03 अंक**

1. लेटराइट मृदा की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
2. मरुस्थलीय मृदा की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।
3. जलोढ़ मृदा की प्रमुख विशेषताएँ कौन- कौन सी हैं? कोई तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
4. एजेंडा 21 क्या है ? इसके मुख्य उद्देश्य लिखिए ।
5. बांगर और खादर में कोई तीन अंतर लिखिए ।
6. उस चट्टान का नाम लिखिए जिससे काली मृदा का निर्माण होता है? इस मृदा की तीन विशेषताएँ भी लिखिए ।
7. मृदा अपरदन के तीन प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए ।
8. मृदा-परिच्छेदिका से क्या तात्पर्य है ? इसके विभिन्न स्तरों को समझाइए।
9. संसाधन नियोजन क्यों आवश्यक है ? संसाधन नियोजन के सोपान लिखिए।
10. पहाड़ी क्षेत्रों में मिट्टी के कटाव को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं?
11. पंजाब और हरियाणा में शुद्ध बुवाई क्षेत्र अधिक क्यों है,जबकि अरुणाचल प्रदेश में कम है? स्पष्ट कीजिए।

# अध्याय 2-वन एवं वन्य जीव संसाधन

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिए -** **01 अंक**

(i) लेपचा जनजाति कहाँ पाई जाती है -
(अ) केरल में (ब) पश्चिम बंगाल में
(स) मध्यप्रदेश में (द) बिहार में

(ii) वन्य जीवों के आवास रक्षण हेतु पहला कानून बनाया गया था-
(अ) प्रोजेक्ट टाइगर 1973 (ब) वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972
(स) संयुक्त वन प्रबंधन अधिनियम 1988 (द) वन्य जीव अधिनियम 1986

(iii) भारत में विश्व की सारी जैव उपजातियों की कितने प्रतिशत संख्या पायी जाती है?
(अ) 8 प्रतिशत (ब) 10 प्रतिशत
(स) 15 प्रतिशत (द) 20 प्रतिशत

(iv) पेरियार बाघ रिजर्व को संबंध किस राज्य से है -
(अ) तमिलनाडु (ब) केरल
(स) कर्नाटक (द) ओड़िसा

(v) निम्नलिखित में से किस राज्य में संयुक्त वन प्रबंधन का पहला प्रस्ताव पास किया गया था-
(अ) राजस्थान (ब) पंजाब
(स) ओड़िसा (द) कर्नाटक

(vi) पूर्वोत्तर और मध्य भारत में वनों की कटाई का प्रमुख कारण है-
(अ) ईधन के लिए (ब) स्थानांतरित कृषि के लिए
(स) आवास के लिए (द) उद्योग के लिए

(vii) निम्नलिखित में से स्थाई वनों का सर्वाधिक क्षेत्र किस राज्य में स्थित है-
(अ) हरियाणा (ब) राजस्थान
(स) पंजाब (द) मध्य प्रदेश

(viii) भारत में प्रोजेक्ट टाइगर की शुरूआत किस सन् में हुई?
(अ) सन् 1980 (ब) सन् 1973
(स) सन् 1983 (द) सन् 1990

(ix) भैंरोदेव डाकव सेंचुरी भारत के किस राज्य में स्थित है?
(अ) मध्यप्रदेश (ब) उत्तरप्रदेश
(स) राजस्थान (द) बिहार

2. **रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए-** **01 अंक**

(i) छोटा नागपुर क्षेत्र में ..................जनजातियाँ निवास करती हैं ।
(ii) पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में और गुजरात में अधिकतर वन क्षेत्र .............वन है।
(iii) वन विभाग के अनुसार देश के कुल वन क्षेत्र का .................हिस्सा रक्षित वन क्षेत्र है ।
(iv) छोटा नागपुर क्षेत्र में मुंडा और संथाल जनजातियाँ ...................के पेड़ की पूजा करते हैं ।
(v) वन विभाग के अंतर्गत संयुक्त वन प्रबंधन ............................. के बचाव के लिए कार्य करता है।

**3.सत्य / असत्य लिखिए-** **01 अंक**

(i) चिपको आंदोलन हिमालयी प्रदेश में चलाया गया ।

(ii) सरिस्का बाघ रिज़र्व मध्य प्रदेश राज्य में स्थित है ।

(iii) भारत और नेपाल देशों को बाघों का आवास स्थल माना जाता है ।

(iv) भारतीय वन्य जीव अधिनियम 1972 में लागू किया गया ।

(v) आरक्षित वनों को सर्वाधिक मूल्यवान माना जाता है ।

**4. सही जोड़ियां मिलाइए- I** **01 अंक**

| खण्ड 'क' | खण्ड 'ख' |
|---|---|
| (i) बीज बचाओं आन्दोलन | (अ) वन कटाई रोकथाम |
| (ii) चिपको आन्दोलन | (ब) नवदानय |
| (iii) सयुक्त वन प्रबंधन | (स) 1972 |
| (iv) सर्वाधिक वन क्षेत्र | (द) 1988 |
| (v) भारतीय वन्य जीव अधिनियम | (इ) मध्य प्रदेश |

**सही जोड़ियां मिलाइए- II**

| खण्ड 'क' | खण्ड 'ख' |
|---|---|
| (i) जिम कॉरबेट | (अ) पश्चिमी बंगाल |
| (ii) सुंदरवन | (ब) उत्तराखंड |
| (iii) बांधवगढ़ | (स) राजस्थान |
| (iv) सरिस्का | (द) मध्य प्रदेश |
| (v) मानस | (इ) केरल |
| (vi) पेरियार | (य) असम |

**5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए-** **01 अंक**

(i) टिहरी में किसानों द्वारा कौन-सा आंदोलन चलाया गया था?
(ii) जैव संसाधनों का विनाश किसके विनाश से जुड़ा हैं?
(iii) ओडिशा और बिहार की जनजातियाँ शादी के दौरान कौनसे- पेड़ो की पूजा करते हैं?
(iv) हिमालय के कई क्षेत्रों में वन कटाईरोकने के लिए कौन-सा आंदोलन चलाया गया था?

**अति लघु उतरीय प्रश्न –** **02 अंक**

1. वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संकटग्रस्त जातियों को बचाने हेतु क्या नियम बनाए गए ?
2. पारिस्थितिक तंत्र किसे कहते हैं?
3. आरक्षित वन किसे कहते हैं?
4. रक्षित वन किसे कहते हैं?
5. जैव विविधता क्या है?
6. भैरोंदेव डाकव सेंच्यूरी क्यों प्रसिद्ध है?
7. चिपको आंदोलन क्या है?
8. जैव-विविधता के दो लाभ लिखें।
9. राष्ट्रीय उद्यान किसे कहते हैं?
10. वनों के हास की समस्या को किस प्रकार हल किया जा सकता है ?

**लघु उतरीय प्रश्न -** **03 अंक**

1. प्रशासनिक आधार पर वनों का वर्गीकरण लिखिए।
2. वन्य प्राणी संरक्षण के उपाय के उपाय लिखिए ।
3. वनों के निम्नीकरण के कारणों को स्पष्ट कीजिए ।
4. जैव विविधता को प्रभावित करने वाले कोई दो कारकों को समझाइए।
5. भारत में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 द्वारा वनों की सुरक्षा का क्या प्रावधान हैं ? लिखिए।
6. वनों को किस प्रकार से संरक्षित किया जा सकता है? विभिन्न उपाय लिखिए ।

----------------X-------------------X-------------------

# अध्याय 3- जल संसाधन

**1. सही विकल्प का चयन कीजिए -** **01 अंक**

i. भारत की औसत वार्षिक वर्षा कितनी हैं -
(अ) 100 सेमी (ब) 114 सेमी
(स) 160 सेमी (द) 175 सेमी

ii. भोपाल झील का निर्माण किस सदी में हुआ -
(अ) 7 वीं सदी (ब) 9 वीं सदी
(स) 11 वीं सदी (द) 13वीं सदी

iii. हीराकुंड परियोजना किस नदी पर बनाई गई है -
(अ) गंगा नदी (ब) यमुना नदी
(स) महानदी (द) नर्मदा नदी

iv. बांधों को "आधुनिक भारत का मंदिर" किसने कहा -
(अ) महात्मा गांधी (ब) जवाहरलाल नेहरु
(स) भगत सिंह (द) लाल बहादुर शास्त्री

v. 'बंगाल का शोक' किस नदी को कहा जाता है ?
(अ) दामोदर नदी (ब) नर्मदा नदी
(स) ताप्ती नदी (द) महानदी

vi. सरदार सरोवर बाँध किस नदी पर बनाया गया है ?
(अ) नर्मदा नदी (ब) दामोदर नदी
(स) रिहंद नदी (द) चम्बल नदी

vii. जल सरंक्षण से संबंधित 'खादीन' एवं 'जोहद' किस राज्य से संबंधित है ?
(अ) राजस्थान (ब) हिमाचल प्रदेश
(स) मध्यप्रदेश (द) उत्तरप्रदेश

viii. 'पालर पानी' कहा जाता है -
(अ) भूमिगत जल (ब) वर्षा जल
(स) समुद्री जल (द) नाले का पानी

Ix निम्नलिखित में से किस नदी पर बहुउद्देश्यीय नदी परियोजना नहीं है -
(अ) चम्बल (ब) महानदी
(स) नर्मदा (द) यमुना

x. पृथ्वी का कितना प्रतिशत भाग जल से ढका हुआ है ?
(अ) दो-तिहाई (ब) तीन-चौथाई
(स) एक तिहाई (द) दौ-चौथाई

xi. सरदार सरोवर बाँध योजना में निम्नलिखित में से कौन-सा एक राज्य सम्मिलित नहीं हैं?
(अ) मध्य प्रदेश (ब) छत्तीसगढ़
(स) महाराष्ट्र (द) गुजरात

xii. बाढ़ के दौरान आने वाली समस्याओं का वर्णन करने के लिए गाया जाने वाला 'भादु गीत' किस नदी घाटी क्षेत्र में गाया जाता है?

(अ) गंगा नदी घाटी (ब) नर्मदा नदी घाटी

(स) दामोदर नदी घाटी (द) यमुना नदी घाटी

**2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –** **01 अंक**

(i) विश्व की सर्वाधिक वर्षा ............................................ में होती है ।

(ii) ............................................ राज्य ने घर की छत से वर्षा जल संग्रहण आवश्यक कर दिया है ।

(iii) बांधों को ............................................ परियोजना भी कहा जाता है ।

(iv) भाखड़ा नांगल पारियोजना का विकास .........................................नदियों के बेसिन में किया गया है ।

(v) मेघालय में नदियों व झरनों को ............................ द्वारा बने पाइपों से वर्षा जल का उपयोग किया जाता है।

(vi) सरदार सरोवर बाँध ............................................ राज्य में है ।

(vii) इंदिर गांधी नहर मुख्य रूप ............................................ राज्य को जीवन प्रदान करती हैं।

**3. सत्य / असत्य लिखिए -** **01 अंक**

(i) इजराइल की औसत वर्षा 25 सेमी नहीं है ।

(ii) सूखा क्षेत्र का सामना अति वर्षा वाले क्षेत्र करते है ।

(iii) भोपाल झील का निर्माण 17वीं शताब्दी में हुआ था ।

(iv) वर्तमान में भारत में कुल विद्युत का लगभग 22% भाग जल विद्युत से प्राप्त होता है ।

(v) चन्द्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में वृहद स्तर पर बाँध, झील और सिंचाई तंत्रों का निर्माण कराया गया।

**4. सही जोड़ी बनाइए – I** **01 अंक**

| खण्ड 'क' | खण्ड 'ख' |
|---|---|
| (i) राणा प्रताप सागर बाँध | (अ) कावेरी नदी |
| (ii) सरदार सरोवर बाँध | (ब) चंबल नदी |
| (iii) नागार्जुन बाँध | (स) नर्मदा नदी |

**सही जोड़ी बनाइए – II**

| खण्ड 'क' | खण्ड 'ख' |
|---|---|
| i. रिहंद बाँध | (अ) गंगा नदी |
| ii. टिहरी बाँध | (ब) राजस्थान |
| iii. इंदिरा गांधी नहर | (स) सोन नदी |

**5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए–** **01 अंक**

(i) हौज खास का निर्माण किसने कराया था ?

(ii) विश्व में 2025 तक कितने व्यक्ति पानी की समस्या से ग्रस्त होंगे ?

(iii) पश्चिमी हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में नदी की धारा बदलकर खेतों में सिंचाई के लिए बनाई गई वाहिकाओं के नाम लिखिए ।

(iv) किस राज्य में हर घर में वर्षा जल संग्रहण का ढांचा बनाना आवश्यक है?

(v) कोयना जल विद्युत परियोजना किस राज्य में स्थित है ?

(vi) जल विद्युत किसे कहते हैं ?

(vii) नवीकरण स्त्रोत किसे कहते हैं ?

(viii) बाढ़ किसे कहते हैं ?

(ix) सूखा किसे कहते हैं ?

(x) भाखड़ा- नांगल परियोजना का एक उद्देश्य लिखिए ।

(xi) भारत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन यापन को आसान बनाने के लिए कौनसा मिशन चलाया है ?

---------------------------------x---------------------------------x----------------------------

## अध्याय -5 खनिज एवं ऊर्जा संसाधन

# मानचित्र पर आधारित प्रश्न-

**(i) भारत के मानचित्र में परमाणु ऊर्जा संयंत्रो निम्नलिखित को दर्शाइए- (प्रत्येक 04 अंक )**

(अ) काकरापारा परमाणु संयंत्र , (ब) रावतभाटा परमाणु संयंत्र

(स) कलपक्कम परमाणु संयंत्र , (द) नरोरा परमाणु संयंत्र

**(ii) भारत के मानचित्र में ऊर्जा संयंत्रो निम्नलिखित को दर्शाइए-**

(अ) तारापुर परमाणु संयंत्र , (ब) कैगा परमाणु संयंत्र

(स)गांधी नगर (द) चंद्रपुर

(iii) **भारत के मानचित्र में निम्नलिखित परंपरागत ऊर्जा स्त्रोत को दर्शाइए -**

(अ) HVJ गैस पाइपलाइन (ब) मुंबई हाई

(स) झरिया (द) डिगबोई

**(iv) भारत के मानचित्र में निम्नलिखित लोहा इस्पात सयंत्रो के केन्द्रों को दर्शाइये।**

(अ) दुर्गापुर, (ब) जमशेदपुर ,

(स) भिलाई, (द) बोकारो

**(v) भारत के मानचित्र में निम्नलिखित बंदरगाहो को दर्शाइए -**

(अ) चेन्नई बंदरगाह (ब) कांडला बंदरगाह,

(स) कोलकाता बंदरगाह, (द) विशाखापट्टनम बंदरगाह

(vi) **भारत के मानचित्र में निम्नलिखित कोयला खदानों को दर्शाइए -**

(अ) नेवेली (ब) कोरबा

(स) तलचर (द) रानीगंज

(vii) **भारत के मानचित्र में निम्नलिखित कोयला खदानों को दर्शाइए -**

(अ) सिगरोली (ब) झरिया

(स) सिंगरेनी (द) बोकारो

(viii) **भारत के मानचित्र में निम्नलिखित तापीय ऊर्जा सयंत्रों को दर्शाइए -**

(अ) सतपुड़ा (ब) पनकी

(स) नासिक (द) अमरकंटक

(ix) **भारत के मानचित्र में निम्नलिखित तापीय ऊर्जा सयंत्रों को दर्शाइए -**

(अ) कोरबा (ब) नेवेली

(स) बरोनी (द) विजयवाड़ा

**(x) भारत के मानचित्र में निम्नलिखित लोह अस्यक खदानो को दर्शाइए -**

(अ) दुर्ग (ब) मयुरभंज

(स) बेलाडीला (द) कुद्रेमुख

(xi) **भारत के मानचित्र में निम्नलिखित अभ्रक उत्पादक केंद्र को दर्शाइए -**

(अ) बेवर (ब) हजारीबाग

(स) नेल्लोर (द) गया

(xii) **भारत के मानचित्र में निम्नलिखित खनिज तेल क्षेत्र को दर्शाइए –**

(अ) अंकलेश्वर (ब) कलोल

(स) नाहरकटिया (द) मोरन

**भारत का मानचित्र -**



**भारत और समकालीन विश्व-2 ( इतिहास)**

**अध्याय-1 यूरोप में राष्ट्रवाद का उदय**

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिए – 01 अंक**

(i) फ्रांस की क्रांति का प्रमुख कारण था-

(अ) प्रजातंत्र शासन (ब) निरंकुश शासन

(स) गिरफ्तारी पत्र (द) मनसबदारी प्रथा

(ii) जर्मनी में एकीकरण की आधारशिला किसने रखी-

(अ) नेपोलियन ।।। (ब) विलियम प्रथम

(स) विस्मार्क (द) नेपोलियन बोनापार्ट

(iii) राष्ट्रवाद को चित्रों के माध्यम से दर्शानेवाला फ्रांसीसी कलाकार है-

(अ) इमेनुएल ।। (ब) हेब्स बर्ग

(स) फ्रेड्रिक सारयु (द) मेटसिनी

(iv) आंखों पर पट्टी बंधे हुए और तराजू लिए हुए महिला किस बात का प्रतीक है-

(अ) न्याय (ब) स्वतंत्रता

(स ) शांति (द) साक्षरता

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - 01 अंक**

(i) राष्ट्रवाद की पहली अभिव्यक्ति सन............................ .........में फ्रांसीसी क्रांति के साथ हुई।

(ii) 1804 की नागरिक संहिता जिसे आमतौर पर..................संहिता के नाम से जाना जाता है ।

(iii) फ़्रांस का झंडा ................................ है.

(iv) राइनलैंड का डाकिया .......................... को कहा गया.

(v) पूर्वी और मध्य यूरोप के जागीरदारों की जमीनों पर खेती ....................................... करते थे.

(vi) कपडे मापने का पैमाना ........................................... था.

(vii) वियना की संधि के बाद फ़्रांस में ............................................... राजवंश की सत्ता स्थापित हुई.

(viii)उदारवादी राष्ट्रवादी मुख्यतः ............................................ की आज़ादी चाहते थे.

(ix) यंग इटली की स्थापना .................................................. ने की थी.

(x) फ़्रांस की दूसरी क्रांति ....................................................... में हुई.

(xi) जर्मन संघ का सबसे बड़ा क्षेत्र ................................................. था.

(xii) फ्रेंकफर्ट संसद का आयोजन ............................................ में हुआ.

**3. सत्य/ असत्य लिखिए - 01 अंक**

(i) वियना सम्मेलन की मेजबानी ऑस्ट्रिया के चांसलर मेटरनीख ने की थी ।

(ii) 1804 की नागरिक संहिता को आमतौर पर हिटलर की संहिता के नाम से जानते हैं ।

(iii) लाल टोपी, तिरंगा और कलगी स्वतंत्रता और गणतंत्र के चिन्ह थे।

(iv) उदारवादी सभी को मताधिकार के पक्ष में थे.

(v) जर्मन संघ 39 भागों में विभाजित था.

(vi) पोलनेस और माजुरका का सम्बन्ध पोलैंड से है.

(vii) यूरोप में महिलाओ और पुरुषों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया जाता था.

(viii) ला टालिया विक्टर एमेनुएल की पत्नी थी.
(ix) इटली के एकीकरण में अंतिम बाधा रोम था.
**(x)** केसर विलियम प्रथम जर्मनी का पहला राजा था.

**4. सही जोड़ी बनाइए :-** **01 अंक**

**(4.1)**

| **स्तंभ अ –** | **स्तंभ – ब** |
|---|---|
| (i) योहान गाटफ्रीड | (अ) इंग्लैंड |
| (ii) कैरोल कुर्पिसकी | (ब) प्रशा |
| (iii) यूजीन देलाक्रोवा | (स) इटली |
| (iv) गेरीबाल्डी | (द) फ़्रांस |
| (v) बिस्मार्क | (इ) पोलैंड |
| (vi) लार्ड बायरन | (फ) जर्मनी |

**(4.2)**

| **स्तंभ अ –** | **स्तंभ ब –** |
|---|---|
| **(i)** नेपोलियन की पराजय | (अ) नाविक |
| **(ii)** वियना संधि का सदस्य नहीं | (ब) बिस्मार्क |
| **(iii)** ज्युसेपे गैरीबाल्डी | (स) 1815 वाटरलू में |
| **(iv)** रक्त और लौह की नीति | (द) राष्ट्रीय प्रतीक |
| **(v)** मारीआन की प्रतिमाएं | (इ) अमेरिका |

**5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए-** **अंक 01**

(i) ऐसी सरकार या शासन व्यवस्था में सत्ता पर किसी प्रकार का कोई अंकुश नहीं होता है, क्या कहलाती है ?
(ii) नृजातीय से आपके क्या समझते हैं?
(iii) कल्पनादर्श (यूटोपिया) क्या है?
(iv) 'रूपक' से आपका क्या तात्पर्य है?
(v) फ्रेडिक सरयू कौन था ?
(vi) नेपोलियन बोनापार्ट कौन था ?
(vii) काउंट कैमिलो दे कावूर कौन था ?
(viii) ज्युसेपी मेत्सिनी कौन था ?
(ix) 'यंग इटली' क्या था ? इसकी स्थापना किसने की थी ?
(x) बैंक ऑफ फ्रांस की स्थापना किसने की थी ?
(xi) वियना सम्मेलन की मेजबानी किसने की थी ?
(xii) काला लाल और सुनहरा झंडा किस देश का था ,?

(xiii) नेपोलियाई युद्धों की शुरुआत किस आक्रमण से हुआ ?
(xiv) इटली का एकीकरण कब हुआ ?
(xv) जर्मनी का एकीकरण कब हुआ ?

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न -** **02 अंक**

1. जॉलवेराइन नामक शुल्क संघ क्या था और इसकी स्थापना क्यों की गई?
2. 'जब फ्रांस छींकता है तो बाकी यूरोप को सर्दी-जुकाम हो जाता है।' यह कथन किसका है?
3. जर्मनी के एकीकरण के मुख्य निर्माता कौन-कौन थे?
4. इटली के एकीकरण के मुख्य कर्णधार कौन-कौन थे?
5. जर्मन राइन महासंघ की स्थापना किसने की ?
6. वियना कांग्रेस (सम्मेलन) में फ्रांस में किस राजवंश की पुनर्स्थापना की गई ?
7. यूरोप में राष्ट्रवाद की शुरुआत कब और कैसे हुई?
8. राष्ट्रवाद की पहली अभिव्यक्ति कब और कहाँ हुई?
9. औद्योगीकरण के फलस्वरूप यूरोप में कौन से नए सामाजिक समूह अस्तित्व में आए ?
10. उदारवाद का अर्थ बताइए ?
11. 19वीं शताब्दी में उदारवाद की आर्थिक क्षेत्र में प्रमुख मांग क्या थी?
12. ज्युसेपी मेत्सिनी ने किन दो भूमिगत संगठनों की स्थापना की?
13. कब और किस संधि के द्वारा यूनान को स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता मिली?
14. रूमानिवाद किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व कर रहा था ?
15. कैराल कुर्पिस्की का पोलैंड के संघर्ष में योगदान बताइए।
16. ब्रितानी राष्ट्र में रहने वाले प्रमुख नृजातीय समूह कौन से थे?
17. उदारवादी आन्दोलन में महिलाओं की सक्रिय भूमिका के दो बिंदुओं को लिखिए।
18. बॉल्कन क्षेत्र में आने वाले प्रमुख राज्यों के नाम लिखिए।
19. जनमत संग्रह से क्या तात्पर्य है?
20. राष्ट्रवाद क्या है ?

21 .1830 की जुलाई क्रांति का फ्रांस पर क्या प्रभाव पड़ा ?

22 निम्नलिखित पर टिपण्णी लिखिए -

(क) ज्युसेपे मेत्सिनी
(ख) काउंट कैमिलो दे काबूर
(ग) यूनानी स्वतंत्रता संग्राम
(घ) फ्रेंकफर्ट संसद
(ड.) राष्ट्रवादी संघर्ष में महिलाओं की भूमिका

# अध्याय - 2 भारत में राष्ट्रवाद

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिए :-** **01 अंक**

(i) भारत में राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई थी?

(अ) 1884 (ब) 1882 (स) 1885 (द) 1886

(ii) गांधी जी ने बिहार में चंपारण आंदोलन किस वर्ष शुरू किया?

(अ) 1917 (ब) 1916 (स) 1930 (द) 1915

(iii) 1929 में लेजिस्लेटिव असेंबली पर बम किसने फेंका था?

(अ) भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त (ब) चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल

(स) शचींद्रनाथ सान्याल और चमनलाल (द) भगत सिंह और चंद्रशेखर आजादगांधी

(iv) इरविन समझौता कब हुआ था?

(अ) 10 मार्च 1931 (ब) 5 मार्च 1931

(स) 7 मार्च 1931 (द) 8 मार्च 1931

(v) गांधीजी दक्षिण अफ्रीका से भारत वापस कब आए?

(अ) 1905 (ब) 1915

(स) 1919 (द) 1921

(vi) गांधीजी ने सत्याग्रह का पहला प्रयोग भारत में किस स्थान पर किया?

(अ) चम्पारन (ब) यरवदा

(स) खेड़ा (द) अहमदाबाद

(vii) हिन्द स्वराज पुस्तक के लेखक कौन थे?

(अ) जवाहर लाल नेहरू (ब) मोहनदास करमचंद गांधी

(स) वल्लभभाई पटैल (द) भीमराव अम्बेडकर

(viii) सितम्बर 1920 का कांग्रेस अधिवेशन कहाँ हुआ था?

(अ) दिल्ली (ब) मुम्बई

(स) कोलकाता (द) नागपुर

(ix) भारतमाता का पहला चित्र किसने बनाया था?

(अ) महात्मा गांधी (ब) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(स) अवनींद्रनाथ टैगोर (द) बंकिमचंद्र चटर्जी

(x) लोक गाथा गीत, बाल गीत और मिथकों को एकत्र करने का कार्य भारत में किसने किया?

(अ) महात्मा गांधी (ब) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(स) अवनींद्रनाथ टैगोर (द) बंकिमचंद्र चटर्जी

(xi) सत्याग्रह क्या है?

(अ) हथियारों की ताकत (ब) विशुद्ध आत्मिक बल

(स) भौतिक बल (द) प्रेम और स्नेह

(xii) प्रथम विश्व युद्ध का समय है -

(अ) 1914-1918 (ब) 1939-1945

(स) 1905-1915 (द) 1920-1922

(xiii) गांधीजी ने असहयोग संबंधी विचार किस किताब में लिखे थे?

(अ) हिंदुत्व (ब) हिंद स्वराज

(स) प्रार्थना (द) सत्य के मेरे प्रयोग

(xiv) हथियारबंद आदिवासी किसे ईश्वर का अवतार मानते थे?

(अ) महात्मा गांधी को (ब) बाबा रामचंद्र को

(स) सीताराम राजू को (द) सरदार पटेल को

(xv) बागानों में काम करने वाले मजदूरों को बिना इजाजत बागान के बाहर निकलने की छूट नहीं थी। इसके लिए बनाया गया कानून था -

(अ) इंडेन्चर्ड लेबर (ब) इनलैंड इमिग्रेशन एक्ट

(स) रोलेट एक्ट (द) कार्न लॉ

(xvi) साइमन कमीशन के खिलाफ प्रदर्शन में हुए लाठीचार्ज से शहीद हुए -

(अ) बाल गंगाधर तिलक (ब) विपिनचंद्र पाल

(स) लाला लाजपतराय (द) अरविंद घोष

(xvii) पूना पैक्ट, दमित वर्ग एसोशिएशन तथा संविधान से संबंधित हैं –

(अ) महात्मा गांधी (ब) ज्योतिबा फुले

(स) डॉ अम्बेडकर (द) सी आर दास

(xviii) अवनींद्रनाथ टैगोर द्वारा बनाए गए चित्र में भारत माता के हाथ में फूल है तथा वे हाथी और शेर के बीच खड़ी हैं। इस चित्र में हाथी और शेर प्रतीक हैं –

(अ) जंगली जानवर के (ब) शक्ति और सत्ता के

(स) रंगों के (द) किसी के नहीं

(xix) चौरी-चौरा की घटना कब हुई थी ?

(अ) 5 फरवरी 1922 ई. (ब) 8 नवंबर 1924 ई.

(स)10 फरवरी 1927 ई. (द) 9 अप्रैल 1930 ई.

(xx) रॉलेट एक्ट कब पारित हुआ?

(अ) 1918 ई. (ब) 1919 ई

(स)1920 ई. (द) 1921 ई.

(xxi) पूर्ण स्वतंत्रता का प्रस्ताव कब पारित हुआ ?

(अ) 25 जून 1928 ई. (ब) 31दिसंबर 1929 ई.

(स)17अगस्त 1930ई. (द) 2 जुलाई 1947 ई.

**2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए - 01 अंक**

(i) मार्च 1919 में बम्बई .............................. कमेटी का गठन किया गया।

(ii) असहयोग-खिलाफत आंदोलन ................................... में आंरभ हुआ।

(iii) दूसरा गोलमेज सम्मेलन .......................................................... में हुआ।

